हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 2 दिसंबर 2025
[नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी]

04 13 हजार 499 जल संरचनाएं की जीवित, सीईओ बोले...




08 हत्या के आरोपियों को फांसी देने व घर पर...



## खबर संक्षेप

### महाविद्यालय में मनाया गया विश्व एड्स दिवस

**सिवनीमालवा।** शासकीय कन्या महाविद्यालय, सिवनीमालवा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, रेड रिबन क्लब एवं स्वामी विवेकानंद मार्गदर्शन के संयुक्त तत्वावधान में आज विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ उमेश कुमार धुर्वे के द्वारा की गई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों और युवाओं में एड्स के प्रति जागरूकता एवं संवेदनशील बनाना था।

### विश्व एड्स दिवस पर कार्यशाला का आयोजन

**माखननगर।** श्री माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय माखन नगर में प्राचार्य डॉ. नीता चौबे के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना, रेड रिबन क्लब तथा स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में विश्व एड्स दिवस पर सामुदायिक स्वास्थ्य विभाग माखन नगर के डॉ. प्रेमा अरविंद के द्वारा एचआईवी संक्रमण तथा एड्स की संपूर्ण जानकारी और बचाव के प्रयास को विस्तृत रूप में बताया गया। उन्होंने संक्रमण के कारण होने के बाद बचाव के बारे में जानकारी को साझा किया।

## सतपुड़ा टाइगर रिजर्व की 189 बीट्स में शुरू हुई बाघों की गणना

# 450 कर्मचारी और 35 वालंटियर्स सात दिसंबर तक जुटाएंगे वन्यजीवों के साक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में समूचे भारत के अन्य टाइगर रिजर्व की ही भांति एक दिसंबर से बाघ सहित अन्य मांसाहारी एवं शाकाहारी वन्यजीवों की गणना प्रारंभ हो गई है। यह गणना सतपुड़ा टाइगर रिजर्व की 180 से अधिक बीट में की जा रही है, जिसमें 450 से अधिक कर्मचारी तथा वॉलिंटियर्स वन्यजीवों के साक्ष्य जुटा रहे हैं। सतपुड़ा टाइगर रिजर्व मढ़ई रेंज ऑफिसर राहुल उपाध्याय से हरिभूमि प्रतिनिधि ने सोमवार शाम चर्चा की। उपाध्याय ने बताया कि सतपुड़ा टाइगर रिजर्व की सभी बीटों में बाघ सहित अन्य मांसाहारी एवं शाकाहारी वन्यजीवों की गणना प्रारंभ हो गई है। उन्होंने बताया कि सोमवार एक दिसंबर 2025 से ही गणना प्रारंभ हुई है तथा सात दिसंबर तक कार्य होगा।

सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में समूचे भारत के अन्य टाइगर रिजर्व की ही भांति एक दिसंबर से बाघ सहित वन्यजीवों की गणना प्रारंभ हो गई है।



### अंतिम परिणाम के लिए देहरादून भेजे जाएंगे आंकड़े

बाघों की गणना के लिए वालंटियर्स सहित सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के कर्मचारी वन्यजीवों के साक्ष्य जुटाएंगे। ये सभी साक्ष्य रेंज कार्यालय से सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के मुख्य कार्यालय भेजे जाएंगे। जहां से इन्हें अंतिम परिणाम के लिए देहरादून के संस्थान में भेजा जाएगा। इसके बाद बाघ सहित अन्य मांसाहारी तथा शाकाहारी वन्यजीवों की रिजर्व क्षेत्र में संख्या का वास्तविक आकलन प्राप्त होगा। रेंज ऑफिसर राहुल उपाध्याय ने बताया कि मोबाइल ऐप के माध्यम से बाघों के साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं।

### शतक की संभावना



सतपुड़ा टाइगर रिजर्व सूत्र बताते हैं की प्रति चार वर्ष में बाघ सहित अन्य वन्यजीवों की गणना का कार्य समस्त टाइगर रिजर्व क्षेत्र में किया जाता है। पिछली गणना में बाघों की सतपुड़ा टाइगर रिजर्व क्षेत्र में संख्या 40 से अधिक बताई गई थी। पिछले चार वर्षों में सतपुड़ा टाइगर रिजर्व प्रबंधन तथा मैदानी कर्मचारियों ने बाघ संरक्षण के क्षेत्र में परिणामजनक प्रयास किये हैं। रिजर्व क्षेत्र के मैदानी कर्मचारी आशान्वित हैं कि इस बार बाघों की संख्या शतक लगाए। ताकि कर्मचारी

### 189 बीट में वन्यजीवों के साक्ष्य जुटा रहे

एसटीआर प्रबंधन से प्राप्त जानकारी अनुसार गणना के कार्य में रिजर्व क्षेत्र के 450 मैदानी कर्मचारी संलग्न हैं, जो डाटा कलेक्शन का कार्य कर रहे हैं। वहीं भारत के आठ राज्यों से 35 वॉलिंटियर्स भी वन्यजीव गणना के इस कार्य में शामिल हैं। ये सभी दल मिलकर सतपुड़ा टाइगर रिजर्व की 189 बीट में वन्यजीवों के साक्ष्य जुटा रहे हैं। वहीं पिछली 2022 की अखिल भारतीय बाघ आंकलन में मध्यप्रदेश में 785 बाघ आंकलित किये गए थे। इस बार की गणना में मध्यप्रदेश में बाघों की संख्या 1000 से अधिक पहुंचने की संभावना है।

## भगवान जगन्नाथ की प्राण प्रतिष्ठा वर्षगांठ पर हुए आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

समीपस्थ ग्राम डोंगरवाड़ा में भगवान जगन्नाथ की प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष होने पर सोमवार को अखंड मंडलेश्वर धाम डोंगरवाड़ा में विविध धार्मिक आयोजन हुए। मंदिर के ठाकुर राजा दा आशुतोष शर्मा ने बताया कि इस दौरान भगवान का विशेष श्रृंगार किया गया। उन्हें नवीन वस्त्र आभूषण धारण कराए गए। प्रातःकाल विशेष भोग लगाया गया। आज गीता जयंती के सुखद संयोग होने पर मंदिर में गीता श्लोकों के साथ हवन पूजन किया गया। भगवान के विशेष दर्शन प्रातःकाल से रात्रि शयन आरती तक सतत होते रहे। मंदिर में दिनभर भक्तों का आना लगा रहा। भक्तों को विशेष प्रसादी वितरित की गई।

### नर्मदा कॉलेज में हुआ व्याख्यान माला का आयोजन

**नर्मदापुरम।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय नर्मदा कॉलेज में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ में मोक्षदा एकादशी पर गीता जयंती का भव्य आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य श्रीमद् भागवत गीता के पवित्र ज्ञान और उनके संदेशों को अधिक से अधिक विद्यार्थियों और लोगों तक पहुंचाना रहा। कार्यक्रम में गीता स्वाध्याय पर विमर्श तथा गीता के महत्व पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम की संयोजक डॉ कल्पना विश्वास ने विषय प्रवर्तन करते हुए बताया कि गीता का ज्ञान मोक्ष प्राप्ति की ओर अग्रसर करता है जैसा कर्म किया जाता है वैसे ही फल की प्राप्ति होती है।प्रभारी प्राचार्य डॉ कमल वाधवा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए गीता के श्लोक सुनाते हुए कहा कि भगवत गीता हमारी ही नहीं अपितु विश्व की धरोहर है उन्होंने कर्म योग पर प्रकाश डालते हुए बताया कि भगवत गीता में श्री कृष्ण ने अर्जुन को जो उपदेश कुरुक्षेत्र में दिए थे वे आज भी विपरीत परिस्थितियों में मनुष्य को शक्ति प्रदान करते हैं।

## लापरवाही करने पर समितियों व वेयरहाउस पर की जाए आवश्यक कार्रवाई : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



जिले में धान खरीदी सफलतापूर्वक संपन्न कराएं। खरीदी केंद्रो पर व्यवस्थाएं सुदृढ़ रखें। जिन समितियों अथवा वेयरहाउस द्वारा उपार्जन में किसी भी प्रकार की लापरवाही की जाती है उन पर खंड स्तरीय समिति एवं जिला स्तरीय उपार्जन समिति द्वारा आवश्यक कार्यवाही की जाए। सभी समितियां द्वारा उपार्जन केंद्र की स्थापना एवं केंद्रों पर आवश्यक संसाधनों की आपूर्ति सुनिश्चित करें। यह निर्देश कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने उपार्जन संबंधी अधिकारियों को दिए हैं। कलेक्टर ने निर्देश दिए की उपार्जन केन्द्रों पर बारदाने, रंग, टैग, सिलाई मशीन, आदि उपार्जन संबंधी सामग्रियों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर सुश्री मीना ने सोमवार को उपार्जन समिति की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए निर्देश दिए कि उपार्जन में संगल समस्त जिला एवं खंड स्तरीय अधिकारी उपार्जन केन्द्रों का नियमित निरीक्षण करें। अधिकारी अपने क्षेत्र के केंद्रो का सतत निरीक्षण करें और व्यवस्थित रूप से धान खरीदी कराएं।

### एनीमिया की रोकथाम हेतु आयरन सुक्रोज की जगह एफसीएम इंजेक्शन

**नर्मदापुरम।** मातृ पोषण और गर्भवती एवं स्तनपान कराने वाली माताओं में एनीमिया के प्रबंधन के लिए इंटरवेनस आयरन पर सीएमएचओ डॉ नरसिंह गेहलोत के निर्देश पर डीएचओ डॉ सृजन सेंगर की देखरेख में नर्मदापुरम में प्राइमलैंड तथा सुखतवा में गांधी मेडिकल कॉलेज भोपाल से आई टीम द्वारा मेडिकल ऑफिसर, एएनएम और सीएचओ को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया।

## मतदाताओं की सुविधा के लिए नगर कांग्रेस ने लगाए शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा मतदाता गणना प्रपत्र भरने में मतदाताओं को सहयोग करने के लिए शहर के विभिन्न हिस्सों में शिविर लगाए जायेंगे कल रविवार को हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में बड़े हनुमान मंदिर के पास मालाखेड़ी एवं ग्वालटोली में शिविर आयोजित किये जायेंगे इन क्षेत्रों के मतदाताओं से आग्रह है उन्हें यदि अपना मतदाता गणना प्रपत्र भरने में कोई समस्या आ रही हो तो अपने नजदीकी शिविर में पहुंचकर कांग्रेस जन से सम्पर्क करें यह जानकारी नगर कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेन्द्र तिवारी ने दी। जिले में अब विशेष मतदाता कार्यक्रम 11 दिसंबर तक जारी रहेगा।

## संगीत कलाकारों ने धर्मेंद्र की याद में सुरों से दी सुरांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम




भारतीय सिनेमा के मशहूर धर्मेंद्र की याद में रविवार को नर्मदापुर युवा मंडल के कार्यक्रम सुरीला नर्मदापुरम में नेहरू पार्क में गीत गाए गए। गीत संगीत के माध्यम से सुपर स्टार धर्मेंद्र को सुरांजलि दी गई। कार्यक्रम की शुरुआत में पूर्व नपाध्यक्ष अखिलेश खंडेलवाल ने धर्मेंद्र के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। संगीत कलाकारों ने ये दोस्ती हम नहीं छोड़ेगे, पल पल दिल के पास, मैं जट यमला पगला दीवाना जैसे धर्मेंद्र की फिल्मों के सुपरहिट गीत गाए। गायक कलाकार कमल झा, प्रकाश आहूजा, हरीश मांझी, अतुल मंडलोई, कमल सिंह राजपूत, संजीव सक्सेना, भारती शुक्ला, चंद्रप्रभा रामदेव, नीतेश यादव, रोहित मालवीय, आर के चौधरी, विनय रैकवार, शाहिद भाई, अंकित मालवीय, अनुजा आचार्य, हेमंत साहू, राजेंद्र मालवीय, सुरज तलरेजा, नितिन पारित, हिमांशी परिता, चेतन मालवीय, विकास मौर्य, मनीष दुबे, माधवी दुबे, राखी रोहर मदन गुरु सहित अन्य स्थानीय गीतकारों ने गीत गाकर धर्मेंद्र को सुरांजलि दी।

## तीन दिवसीय गीता जयंती महोत्सव का हुआ शुभारंभ

### स्वामी ध्रुव चैतन्य सरस्वती देंगे प्रवचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

गीता जयंती महोत्सव समिति द्वारा आगामी 1 से 3 दिसंबर तक भव्य त्रिदिवसीय ज्ञान-सत्र का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें देश के प्रतिष्ठित संत और गीता मनीषी स्वामी ध्रुव चैतन्य सरस्वती , परमाध्यक्ष सुबोधआनंद फाउंडेशन, ऋषिकेश अपने उद्बोधनों से श्रद्धालुओं को गीता के शाश्वत संदेशों से अवगत कराएंगे।

स्वामी जी प्रतिदिन सायं 7:00 बजे से तिलक भवन, सेठानी घाट, नर्मदापुरम में उपस्थित होकर श्रीमद्भगवद्गीता के अध्यायों पर गहन, सरल और प्रेरणादायी प्रवचन देंगे। कार्यक्रम के प्रारंभ में ऋषि कुल संस्कृत विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा गीत पाठ किया जाएगा एवं इसके साथ-साथ भजनांजलि कलाकारों द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी कार्यक्रम हेतु सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। समिति के सचिव रविशंकर मिश्रा बताया कि गीता जयंती का यह पर्व न केवल धार्मिक महत्त्व रखता है, बल्कि समाज में कर्तव्य, सत्य, नैतिकता और आत्मचिंतन की भावना जागृत करता है।

गीता जयंती महोत्सव समिति ने समस्त नागरिकों एवं श्रद्धालुओं से आग्रह किया है कि वे इस दिव्य आयोजन में परिवार सहित उपस्थित होकर पुण्य लाभ प्राप्त करें।

### समेरिटंस स्कूल में मना गीता जयंती महोत्सव

## गीता हमें अपने कर्तव्यों का बोध कराती है, हमें जीना भी सिखाती है : पं. तिवारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम




गीता जयंती के अवसर पर समेरिटंस विद्यालयों में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समूह के मुख्य शाखा विद्यालय सांदीपनि परिसर नर्मदापुरम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पं तरूण तिवारी ने गीता ज्ञान को बहुत ही सरल तरीके से बच्चों का बताया। उन्होंने कहा कि गीता का ज्ञान भगवान श्रीकृष्ण ने महाभारत के युद्ध के दौरान विषादग्रस्त अर्जुन को दिया था।

गीता हमें अपने कर्तव्यों का बोध कराती है। गीता हमें जीना भी सिखाती है और उचित अनुचित का ज्ञान भी देती है। उन्होंने कहा कि गीता का आरंभ धर्म शब्द से होता है, जबकि गीता का समापन मम शब्द से होती है। इसका तात्पर्य यह है कि धर्म और मेरे बीच के जो कर्तव्य हैं, वहीं गीता है। उन्होंने कहा कि हमारे सभी कार्य करना ही हमारा कर्म और धर्म है। कार्यक्रम में प्राचार्य प्रेरणा रावत, आरके सिंह, आरके रघुवंशी आदि उपस्थित रहे। वहीं कार्यक्रम का शुभारंभ योगेश्वर भगवान कृष्ण और गीता की पूजा के साथ हुआ। इसके साथ ही समूह के इटारसी विद्यालय में गीता जयंती के अवसर पर सेवानिवृत्त प्राचार्य जीपी मालवीय, श्री गंगवानी, महेंद्र बागरे, मनीष सिंह राजपूत, प्राचार्य प्रशांत दीक्षित उपस्थित रहे। इस दौरान अतिथियों ने बच्चों को जीवन में गीता अपनाने की अपील की।

### जिला चिकित्सालय में नेत्र विभाग की समीक्षा बैठक संपन्न

**नर्मदापुरम।** जिला चिकित्सालय नर्मदापुरम के नेत्र विभाग की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न हुई। इस सत्र में नेत्र सहायकों और चिकित्सकों ने भाग लेकर विभागीय लक्ष्य पूर्ति के लिए आवश्यक दिशा-निर्देशों पर चर्चा की। बैठक में प्रमुख रूप से नेत्र स्वास्थ्य के महत्व, कैटेरेक्ट की समस्या एवं समाधान, डायबिटीज रेटिनोपैथी के प्रभाव, नेत्रदान की प्रक्रिया, स्कूल हेल्थ स्पेक्टेकल्स के तहत बच्चों की आंखों की जांच व चश्मे वितरण, तथा ग्लॉकोमा की रोकथाम पर प्रकाश डाला गया। सभी ब्लॉक के ऑप्थेल टेक्नीशियन को लक्ष्य पूरा करने के लिए स्पष्ट निर्देश दिए गए। इस अवसर पर डॉ. उदित कुमार भट्ट (नेत्र सर्जन), डॉ. रिचा गौर डीपीएम, नेत्र विभाग, मनीषा, अनिता तथा अन्य स्टाफ उपस्थित रहे। उन्होंने नेत्र सहायकों को लक्ष्य-पूर्ति हेतु आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया।

हरिभूमि

**जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा**

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 297. खुशी नायक पिता\पति संदीप नायक पता - रावन भाटा रायपुर, 298. भारत लाल चतुर्वेदी पिता\पति स्व. ताराचंद चतुर्वेदी पता- रावतपुरा कॉलोनी फेज 01 मठपुरेना रायपुर, 299. भावना वर्मा पिता\पति खोमन वर्मा पता- जागृति नगर बीरगांव, 300. प्रियंका ठाकरे पिता\पति सचिन ठाकरे पता- संजय नगर रायपुर, 301. श्रीकांत वैष्णव पिता\पति संतोष कुमार वैष्णव पता- डिरापारा रायपुर, 302. इन्द्राणी रमेश शर्मा पिता\पति ब्यास नारायण मिश्रा पता - ब्राम्हण पारा रायपुर, 303. भाविका साहू पिता\पति गौतम साहू पता - वेदाता सिटी कांदुल रोड, 304. लक्ष्मीकान्त यादव पिता\पति जे.एल. यादव पता - मठपारा रायपुर, 305. संतोषी यादव पिता\पति सतीश यादव पता- पुरानी बस्ती रायपुर, 306. प्रेमचंद साहू पिता\पति टेटकू राम साहू पता – पिपरौद, 307. खुमेश साहु पिता\पति प्रेम लाल साहु पता- तर्रा पोस्ट -सुरसाबाँधा, 308. चुन्नी निर्मलकर पिता\पति पुनीतराम निर्मलकर पता-सेमरा भखारा, 309. तोवा राम साहू पिता\पति स्व. पंचराम साहू पता- नगरी, 310.कुनाल साहू पिता\पति डोमेन्द्र साहू पता- सांकरा , नगरी, 311. अमन कन्नौजे पिता\पति एस.आर. कन्नौजे पता- वार्ड न. 43 बसंतपुर राजनादगांव, 312. रेणुका श्रीवास्तव पिता\पति एस .एल श्रीवास्तव पता- रेवाडीह वार्ड न. 21, 313. प्रज्वल पाटिल पिता\पति जसवंत पाटिल पता- वार्ड न.-16, बैलापसरा राजनादगांव, 314. यशवंत कुमार सप्रे पिता\पति ईतवारी राम सप्रे पता- बेमेतरा, 315. टीकाराम सेन पिता\पति सुकदेव राम सेन पता- बरदेभाठा चौक कांकेर, 316. दुलेश्वरी पिता\पति मुकेश कुमार पता- डौंडी नगर भंडारी पारा वार्ड न. 08, 317. सुमन ठाकुर पिता\पति शैलेन्द्र ठाकुर पता- जगदलपुर, 318. खोमराज पटेल पिता\पति भवर लाल पटेल पता- नर्रा, 319. महेश आमदे पिता\पति भुलऊराम आमदे पता- कवर्धा, 320. तेजनाथ साहू पिता\पति राधेश्याम साहू पता- कमल कॉलोनी बलौदाबाजार, 321. सुयश आचार्य पिता\पति प्रशांत आचार्य पता- अस्पताल वार्ड कोंडागांव, 322. पंकज कुमार साहू पिता\पति छत्रपाल साहू पता-पोटियाकला दुर्ग, 323. बलदाऊ लाल साहू पिता\पति स्व. राम्लू लाल साहू पता- आदर्श स्ट्रीट रामनगर भिलाई, 324. डिम्पल चौधरी पिता\पति नन्द जंघेल पता-दुर्गा पारा मुकम खदान सुपेला, 325. जानवी टंडन पिता\पति M.L.टंडन पता-वेदांत नगर फेज-2 उमरपोटी, 326. अथर्व विकास बेहेरे पिता\पति विकास विनायक बेहेरे पता- सुभाष नगर, 327. ईशा राजपूत पिता\पति अशोक राजपूत पता-सुभाष नगर वार्ड 42 दुर्ग, 328. पंकज कुमार पटेल पिता\पति स्व. नन्द कुमार पटेल पता- पटेल पारा वार्ड क्र.57 उरला दुर्ग, 329. स्वीकृति चौहान पिता\पति बिरेन्द्र चौहान पता- साहू पारा रामनगर भिलाई, 330. गजरा सोनी पिता\पति ननकू प्रसाद सोनी पता-दुर्ग, 331. रितिका साहू पिता\पति ताम्रध्वज साहू पता- कोहिका भिलाई, **बिलासपुर संस्करण-** 332. अफरोज बानो, पिता/पति- मुनव्वर खान पता- आदर्श चौक मंगला, बिलासपुर 333. राजकुमारी साहू पिता/पति- बाबू लाल साहू पता- बहतराई, बिलासपुर, 334. सुलोचना कुर्रे पिता/पति- राजाराम कुर्रे पता- बंधवा पारा सरकंडा, बिलासपुर, 335. कुसय हुसैन पिता/पति-मुश्ताक हुसैन पता- खपरगंज बिलासपुर, 336. आरती शर्मा पिता/पति- स्व.एम.एल.शर्मा पता- गुरूनानक चौक, बिलासपुर, 337. मनोज नाथानी पिता/पति- माधसव दास नाथानी पता- रामा वैली आर-8-11, बिलासपुर, 338. साक्षी साहू पिता/पति-चंद्रशेखर साहू पता- तोरवा बिलासपुर, 339. प्रियंका शर्मा पिता/पति- श्री पवन शर्मा पता- ईदगाह रोड, बिलासपुर, 340. राकेश सिंह राजपूत पिता/पति- विजय सिंह राजपूत, पता- सांई नगर, उस्लापुर बिलासपुर 341. मालती साहू पिता/पति-देवलाल साहू पता- बाजार चौक, यदुनंदन नगर, तिफरा बिलासपुर, 342. सतीश कुमार साहू पिता/पति- बुधराम साहू पता- तिफरा बिलासपुर, 343. अर्थव यादव पिता/पति-सुदर्शन यादव पता- कस्तूरबा नगर, बिलासपुर, 344. माही यादव पिता /पति - सूरज यादव, पता- पड़ावपारा कोटा, 345. सुशील कुमार पिता /पति - धनना लाल पता - जरौधा जिला बिलासपुर, 346.सुमन सूर्यवंशी पिता /पति - धनना लाल पता - जरौधा जिला बिलासपुर, 347. जानवी कौशिक पिता /पति - सनत कौशिक, पता - खमरिया काठाकोनी, 348. साधना भगत पिता /पति - गोपाल राम भगत , पता – रतनपुर, 349. नरेश गोयल पिता /पति - नैवत राम गोयल, पता -पेण्ड्रा रोड , 350. किरण पांडे पिता /पति - रवि शंकर पांडे पता - पुरानी बस्ती मस्तूरी, 351. हर्षिता कौशिक पिता /पति - उमाशंकर कौशिक पता - सिचाई कालोनी सकरी, 352. दीपक कुमार यादव पिता /पति - जीवन लाल यादव पता - कर्रा सीपत, 353. प्रियंका सूर्यवशी , पिता /पति - नारायण प्रसाद सूर्यवंशी, पता - भरारी जांजगीर जिला, 354 दिनेश कुमार यादव, पिता /पति - नर्मदा प्रसाद यादव, पता- शकुल पारा खरौद **भोपाल संस्करण-** 355. शिवन्या जाटव पिता\पति - स्व मोनू जाटवमकान न. 2597 राजीव नगरकोटरा, 356. हर्षिता तोमर पिता\पति - देवेन्द्र सिंह तोमर `नेहरू नगर भोपाल, 357. साबरा बी पिता\पति - मो. जोएब 126 इंद्रा नगर टीला जमालपुरा, 358. जाकिया आमिर पिता\पति - मो. आमिरबाग मुफ्ती साहबकबीटपुरा, 359. पवन यादव पिता\पति - मांगीलाल ग्राम नून्या हेड़ीराजगढ़, 360. मधु दांगी पिता\पति - सोमराज दांगीशर्मा कॉलोनी प्रताप वार्डबीना, 361. पूनम दांगी पिता\पति - नीरज सिंह दांगीसागौनीगुरू सागर, 362. फैजान खान पिता\पति - आतिफ खान सीहोर नाका सीहोर, **जबलपुर संस्करण-** 363. निधि अग्रवाल पिता\पति- रतन अग्रवाल लाल कुआं हनुमानतल जबलपुर, 364. भारती मिश्रा पिता\पति – स्व. राजकुमार दुबे रिछाई जबलपुर, 365. रजनी सुदीशा पिता\पति- उत्तम कुमार सुदिशा बिरसिंहपुर पाली उमरिया, 366. शरद विश्वकर्मा पिता\पति - हरलाल विश्वकर्मा छपारा सिवनी, 367. मनीष विश्वकर्मा पिता\पति - इंद्रजीत विश्वकर्मा प्रेम नगर इसाई मोहल्ला मदन महल, 368. नरेश नाईक पिता\पति - स्वर्गीय पंढरीनाथ नाईक शिवनगर गढ़ा जबलपुर, 369. राजेंद्र अहिरवार पिता\पति - नारायण प्रसाद अहिरवार मकान नंबर 113 छिंवला ग्वारीघाट जबलपुर, 370. श्रुति शुक्ला पिता\पति - सुधीर कुमार शुक्ला मकान नंबर 361 दुर्गा कॉलोनी शीतला माई वार्ड घमापुर जबलपुर।

नियम एवं शर्तें लागू* **शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि**

### जल संचय-जन भागीदारी अवार्ड में बैतूल जिला सम्मानित, केंद्र सरकार से तृतीय पुरस्कार

# 13 हजार 499 जल संरचनाएं की जीवित, सीईओ बोले ग्राउंड लेवल पर काम करने से आए अच्छे परिणाम





**संजय द्विवेदी ⏭ बैतूल**

बारिश में व्यर्थ बहने वाले जल का संचयन करने और लोगों को प्रेरित करने के उद्देश्य से केंद्र सरकार के जल संसाधन और नदी विकास विभाग द्वारा जल संचय-जन भागीदारी अभियान की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हस्ते सितम्बर 2024 में की गई थी।

इसके अंतर्गत पूरे देश में जल संचय, जन भागीदारी अभियान चलाया गया। देश के विभिन्न राज्यों की तरह मध्यप्रदेश के बैतूल जिले में कलेक्टर व जिला पंचायत सीईओ के मार्गदर्शन में पूर्व में विभिन्न योजनाओं में बनी जल संरचनाओं को जीवित करने का काम जीरो बजट पर अर्थात शासन के द्वारा मनरेगा में जो कार्य पहले से ही किए जा रहे थे, उसके बजट से ही इस अभियान को चलाया गया। जिला पंचायत बैतूल के परियोजना अधिकारी मनरेगा संजय यादव ने हरिभूमि संवाददाता से चर्चा करते हुए बताया कि इस अभियान में अलग से कोई खर्चा नहीं किया गया, बल्कि सरकार के द्वारा मनरेगा में जो काम किए जा रहे थे, उनकी राशि से ही इस अभियान के कार्यों को पूर्ण किया गया। इस अभियान के अंतर्गत बैतूल जिले के कुल 1464 गांवों के 15,671 कार्यो पर फोकस किया गया, जिसमें 1 अप्रैल 2024 से 31 मई 2025 तक चले अभियान के दौरान जनभागीदारी से जिले में कुल 13 हजार 499 जल संरचनाएं जीवित की गई और अभी 2172 जल संरचनाओं पर काम चल रहा है। इस अभियान में जिले के मुलताई, पट्टन और घोड़ाडोंगरी ब्लॉक में श्रेष्ठ कार्य किया गया। इनमें खेत तालाब, स्टॉप डैम, कंटूर ट्रेंच, सोखपीट, चेक डैम, कपिलधारा कूप, तालाब आदि प्रमुख थे।

#### उत्कृष्ट कार्यो से राष्ट्रीय पटल पर दर्ज कराई उपस्थिति

अभियान के माध्यम से जीवित होने पर जल का संचयन बेहतर तरीके से होने लगा। इससे ना केवल भूमिगत जल स्तर में बढ़ोतरी हुई, बल्कि फसलों को भी अच्छा खासा फायदा मिला। इस प्रकार जल संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए बैतूल जिले ने राष्ट्रीय पटल पर अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई। जिसके चलते गत 18 नवंबर को न्यू दिल्ली के विज्ञान भवन में हुए छठवें नेशनल वॉटर अवार्ड समारोह में केंद्रीय मंत्री जल शक्ति मंत्रालय सीआर पाटिल ने बैतूल के प्रभारी कलेक्टर व जिला पंचायत सीईओ अक्षत जैन को जल संचय-जन भागीदारी अभियान में राष्ट्रीय अवार्ड से सम्मानित किया। इस दौरान देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मूर्म भी मौजूद थी। इस अवार्ड के साथ बैतूल जिले को 25 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की गई।

#### वेस्ट जोन में तीसरे एवं थर्ड कैटेगरी में भी तीसरे स्थान पर रहा बैतूल

जनसहभागिता से जल संरक्षण के कार्यो को सफलतापूर्वक करने पर मप्र के बैतूल जिले को केंद्र सरकार के जल संसाधन और नदी विकास विभाग द्वारा जल शक्ति अभियान अंतर्गत नवाचार जल संचय- जन भागीदारी के अंतर्गत वेस्ट जोन में तीसरा स्थान हासिल हुआ है। इस अवार्ड के लिए देश भर के जिलों को कुल चार जोन में बांटा गया था। जिसमें वेस्ट जोन में बैतूल जिले को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। इसके अलावा इस अवार्ड समारोह में कैटेगरी वाइज भी देश के विभिन्न जिलों को पुरस्कृत किया गया था, जिसमें थर्ड केटेगरी में बैतूल जिले को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। थर्ड कैटेगरी में आने वाले जिलों को 25-25 लाख रुपये की राशि पुरस्कार स्वरूप प्रदान की गई। मध्यप्रदेश का खंडवा जिला प्रथम, गुना जिला दूसरे स्थान पर तथा बैतूल जिला तीसरे स्थान पर रहा।

#### सीईओ बोल - व्यापक रणनीति और जन सहयोग से मिला सम्मान

बैतूल जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अक्षत जैन ने हरिभूमि संवाददाता से चर्चा करते हुए बताया कि जिले में जल संरक्षण के लिए एक व्यापक रणनीति अपनाई गई। जिसमें स्वयंसेवी संगठनों, स्वयं सहायता समूहों, उद्योगों और नागरिकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की गई। कम लागत और अधिक प्रभावी कृत्रिम व प्रभावी जल संरचनाएं स्थापित कर जल संचयन को बढ़ावा दिया गया। स्थानीय संगठनों खासकर जन अभियान परिषद और जनसहभागिता से परियोजनाओं को स्थायित्व मिला। साथ ही नागरिकों को जल संरक्षण के लिए जागरूक करने के लिए लगातार अभियान भी चलाए गए। परिणाम स्वरूप बैतूल जिले ने जल संरक्षण में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की। उन्होंने बताया कि बैतूल जिले को वेस्ट जोन में तीसरा स्थान मिला, वेस्ट जोन में कुल सात राज्य थे और उसके अलावा प्रत्येक जोन में अलग-अलग कैटेगरी भी थी। बैतूल जिले की कैटेगरी थर्ड थी, उसमे भी इसे तीसरा स्थान मिला। इसके अंतर्गत जो विभिन्न कार्य किए गए है, उनमें खेत, तालाब कुआं रिचार्ज, सामुदायिक तालाब, स्टाप डेम, चेक डैम आदि है। अलग-अलग श्रेणी के जल संरक्षण के कार्य है। इन कार्यो से पानी स्टोर तो रहता ही है, साथ ही पानी का ग्राउंड लेवल भी बढ़ता है। कुआं रिचार्ज के लिए डगवेल रिचार्ज के लिए पीट बनाते हैं, जिससे ग्राउंड वाटर प्यूरीफाई भी होता और वह कुआं को रिचार्ज भी करता है। यह सभी वॉटर कंजप्शन का काम करते हैं। जन भागीदारी से कई सारे जल स्त्रोतों की साफ सफाई, मरम्मत आदि करवाई गई। जो कि खासकर छोटे स्तर पर ग्राम पंचायत लेवल पर की गईं। इसमें जन अभियान परिषद के लोगों का एवं पंचायत स्तर के लोगों का तथा कई सामाजिक संगठनों का भी सराहनीय योगदान प्राप्त हुआ। इसमें जहां नए जल स्त्रोतों के लिए भी कार्य किया गया, तो वहीं पुराने जल स्त्रोतों के रखरखाव के लिए भी सराहनीय कार्य किया गया। इसमें क्षेत्र में मुख्य रूप से खेत तालाब और कुंआ रिचार्ज में बहुत ही अच्छा कार्य हुआ है।

## धरने से नेता प्रतिपक्ष को पुलिस ने उठाया, कांग्रेस में आक्रोश



**सारनी।** नगरपालिका द्वारा जल आवर्धन योजना के तहत वसूले जा रहे 4000 शुल्क को वापस लेने की मांग को लेकर चल रहे विरोध प्रदर्शन ने सोमवार को तूल पकड़ लिया, जब कांग्रेस के नेता प्रतिपक्ष पिंटीश नागले को पुलिस प्रशासन ने धरना स्थल से हिरासत में ले लिया। इस कार्रवाई के बाद कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं में नाराजगी देखी गई। कांग्रेसियों ने सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। सूत्रों के अनुसार कांग्रेस द्वारा 1 से 3 दिसंबर तक क्रमिक भूख हड़ताल और धरना प्रदर्शन करने की जानकारी पूर्व में ही प्रशासन को लिखित रूप में दी गई थी। सोमवार सुबह नपा कार्यालय के सामने नेता प्रतिपक्ष पिंटीश नागले और उनके समर्थक धरने पर बैठे हुए थे, तभी पुलिस मौके पर पहुंची और नागले को अभिरक्षा में लेकर थाने रवाना हो गई। इस दौरान कुछ कांग्रेस नेताओं ने पुलिस की कार्रवाई का विरोध किया, वहीं कुछ नेता पुलिस की मौजूदगी देख स्थल से चुपचाप खिसकते नजर आए। जानकारी के मुताबिक पुतला दहन मामले में कुछ कांग्रेस नेताओं के खिलाफ न्यायालय ने गिरफ्तारी वारंट जारी किया था, लेकिन अब तक उस पर कोई सख्त कार्रवाई नहीं हुई थी। कांग्रेस का आरोप है कि जैसे ही वे जनहित के मुद्दे पर आवाज उठा रहे हैं, पुलिस की तत्परता अचानक बढ़ गई है। धरना स्थल पर मौजूद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि जनता की आवाज को दबाने के लिए पुलिस का उपयोग किया जा रहा है, लेकिन आंदोलन जारी रहेगा। आम नागरिकों ने भी जल आवर्धन योजना शुल्क को लेकर असंतोष व्यक्त किया और प्रदर्शन का समर्थन किया।

## पुलिस ने बारात समारोह के दौरान एयर गैस गन को लिया कब्जे में

**बैतूल।** कलेक्टर बैतूल द्वारा जिले में आयोजित होने वाले शादी-विवाह एवं अन्य समारोहों में साउंड सिस्टम/डीजे के उपयोग को निर्धारित डेसीबल एवं समयसीमा के भीतर संचालन के निर्देश जारी किए गए हैं। उक्त आदेश के पालन में पुलिस अधीक्षक बैतूल वीरेंद्र जैन द्वारा जिले के सभी थाना प्रभारियों को सख्ती से पालन कराने हेतु निर्देशित किया गया था। इसी क्रम में कोतवाली पुलिस द्वारा शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र में आयोजित होने वाले शादी समारोहों में निरंतर निगरानी रखी जा रही है। पुलिस टीम द्वारा सभी आयोजनों में निर्धारित नियमों के अनुरूप साउंड सिस्टम संचालन एवं अनुचित गतिविधियों पर रोक लगाने हेतु सतत कार्रवाई की जा रही है। 30 नवंबर को थाना कोतवाली पुलिस द्वारा एक बारात समारोह में साउंड सिस्टम नियमों का पालन सुनिश्चित कराने हेतु हिदायत दी जा रही थी, तभी टीम को एक व्यक्ति के हाथ में एयर/गैस गन दिखाई दी। पुलिस टीम द्वारा तत्परता दिखाते हुए हथियार को तुरंत कब्जे में लेकर थाना कोतवाली में सुरक्षित रखा गया तथा संबंधित व्यक्ति को थाना उपस्थित होकर आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया। इस कार्रवाई में निरीक्षक नीरज पाल की विशेष भूमिका रही।

## 7 दिसंबर तक चलेगा फसल बीमा सप्ताह

**बैतूल।** जिले में रबी मौसम वर्ष 2025-26 के लिए फसलों का बीमा 1 दिसंबर से प्रारंभ हो गया है। इसके क्रियान्वयन के लिए जिले के समस्त विकास खण्डों में फसल बीमा सप्ताह 1 से 7 दिसंबर तक चलेगा, जिसका शुभारंभ उपसंचालक कृषि आनंद कुमार बडोनिया द्वारा 1 दिसंबर को केक काटकर कार्यालय वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी विकासखंड बैतूल में किया गया। सभी तहसीलों में एसबीआई जनरल इंश्योरेंस के प्रतिनिधियों एवं कृषि विस्तार अधिकारियों द्वारा ग्राम पंचायत स्तर पर जाकर फसल बीमा पाठशाला का आयोजन किया जा रहा है। कृषको को फसल बीमा करवाने एवं प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में फसल बीमा करवा कर जोखिम एवं फसल बीमा के हित लाभ के बारे में जागरूक किया जा रहा है। खरीफ में अधिकृत फसलों के लिए कृषक द्वारा दिए गए प्रीमियम राशि में गेहूं सिंचित 646, गेहूं असंचित 394, चना 504 एवं सरसों 482 अलसी 363 मसूर 413 रुपए प्रति हेक्टेयर है। फसल बीमा करवाने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर निर्धारित की गई है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत बीमा करवाने के इच्छुक कृषक अपनी निकटतम बैंक शाखा सहकारी समिति अधिकृत चैनल जन सेवा केंद्र (सीएससी) एवं कृषक स्वयं भी राष्ट्रीय फसल बीमा पोर्टल पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर योजना से जुड़ सकते हैं। कृषको के फसल बीमा करवाने के लिए आवश्यक दस्तावेज के रूप में बैंक पासबुक, फसल बुवाई प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, बही, बटाईदार/ठेकेदार होने की स्थिति में भूमि के मालिक द्वारा शपथ पत्र दिया जाना अनिवार्य है। कार्यक्रम के दौरान पिछले सीजन के कुछ लाभांवित किसानों से चर्चा की।



## डॉ. आनंद पाटनकर ने एमडी मेडिसिन परीक्षा में प्राप्त की सफलता



**भौंरा।** क्षेत्र के प्रतिष्ठित चिकित्सक एवं समाजसेवी डॉ. पाटनकर परिवार के सदस्य डॉ. आनंद पाटनकर ने एमडी मेडिसिन परीक्षा में सफलता अर्जित कर भौंरा क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। वे भौंरा निवासी डॉ. महेश पाटनकर के बड़े पुत्र तथा डॉ. संजय पाटनकर के भतीजे हैं। डॉ. आनंद की इस उपलब्धि से न केवल उनके परिवार में, बल्कि संपूर्ण क्षेत्र में प्रसन्नता का माहौल है। क्षेत्रीय जनों, समाजसेवियों और मित्रों ने उन्हें विभिन्न माध्यमों से शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। लोगों का कहना है कि डॉ. आनंद की सफलता चिकित्सा सेवा क्षेत्र में पाटनकर परिवार की निरंतर निष्ठा और परिश्रम का परिणाम है। भौंरा क्षेत्र में पाटनकर परिवार लंबे समय से चिकित्सा सेवा के क्षेत्र में सक्रिय रहा है। डॉ. महेश पाटनकर और डॉ. संजय पाटनकर ने वर्षों से ग्रामीण अंचलों में आमजन को सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया है। अब परिवार की नई पीढ़ी में डॉ. आनंद की सफलता से लोगों में यह विश्वास और मजबूत हुआ है कि क्षेत्र को आगे भी बेहतर चिकित्सा सेवाओं का लाभ मिलता रहेगा।डॉ. आनंद पाटनकर की सफलता पर सचिकित्सक समुदाय, समाजसेवी संगठनों एवं नागरिकों ने उन्हें बधाई दी है और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### परिसर में शुरू हुई महायज्ञ की तैयारियां

## रेलवे स्टेडियम में 19 को 108 कुंडीय महायज्ञ का आयोजन, ले आउट तैयार

**हरिभूमि न्यूज ⏭ आमला**

नगर के रेलवे स्टेडियम में 108 कुंडीय महायज्ञ के लिए तैयारियों ने रफ्तार पकड़ ली है। गायत्री परिवार द्वारा कार्यक्रम स्थल का विस्तृत लेआउट डाल दिया गया है, जिसमें यज्ञ स्थल, आगंतुकों के लिए बैठने की व्यवस्था, सेवा केंद्र तथा पार्किंग एरिया तक हर बिंदु का ध्यान रखा गया है। आयोजन समिति ने बताया कि इस बार महायज्ञ को भव्य पैमाने पर किया जा रहा है, जिसके लिए दर्जनों कार्यकर्ताएं दिनभर मंच, पंडाल और कुंडों की व्यवस्था में जुटे हुए हैं। परिसर में साफ-सफाई और समतलीकरण का काम भी लगातार चल रहा है, ताकि कार्यक्रम के दौरान किसी प्रकार की व्यवधान न उत्पन्न हो।

गायत्री परिवार के सदस्यों द्वारा नगर के विभिन्न वार्डो, मोहल्लों और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर जाकर महायज्ञ के लिए लोगों को आमंत्रण दिया जा रहा है। पदयात्रा के रूप में कार्यकर्ता टोली बनाकर नागरिकों से संपर्क कर रहे हैं, साथ ही उन्हें कार्यक्रम की महत्ता और विशेषताओं की जानकारी भी दे रहे हैं। बताया जा रहा है कि पिछले कई दिनों से चल रहे इस अभियान को लोगों का भारी सहयोग मिल रहा है। नागरिकों द्वारा न सिर्फ आमंत्रण स्वीकार किया जा रहा है, बल्कि वे स्वयं आयोजन में किसी न किसी रूप में योगदान देने की इच्छा भी जता रहे हैं। आयोजकों के अनुसार 19 दिसंबर को होने वाले इस महायज्ञ में हजारों श्रद्धालुओं के उपस्थित होने का अनुमान लगाया जा रहा है।



#### भव्य आध्यात्मिक माहौल की तैयारियां सेवादल और समितियां सक्रिय

आयोजन में कोई कमी न रहे, इसके लिए गायत्री परिवार ने विभिन्न समितियों का गठन किया है, जो अलग-अलग जिम्मेदारियाँ संभाल रही हैं। स्थान सज्जा, यातायात, भोजन व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, सांस्कृतिक कार्यक्रम और सफाई व्यवस्था जैसी कई टीमें लगातार फील्ड में सक्रिय हैं। महायज्ञ के दौरान पूरे रेलवे स्टेडियम परिसर को आध्यात्मिक वातावरण से महकाने की योजना बनाई गई है, जिसमें स्वागत द्वार, संदेशात्मक झांकियाँ और लाइटिंग की विशेष सजावट की जा रही है।

## एकल विद्यालय के पांच दिवसीय प्रशिक्षण का समापन



**शाहपुर।** नगर के एकल विद्यालय के चल रहे पांच दिवसीय प्रशिक्षण का समापन हुआ। विजय भवन में आयोजित पांच दिवसीय एकल अभियान की वर्ग कार्यशाला के समापन के अवसर पर शाहपुर नगर के नए थाना प्रभारी एवं वार्ड क्रमांक एक की पार्षद दीपिका बोरबन एवं अलग-अलग खंड के संघ प्रभारी एवं नगर शाहपुर पत्तोआपूरा की महिलाएं कार्यशाला में उपस्थित हुई। सभी ने भारत माता की आरती की एवं मातृशक्ति द्वारा प्रसाद का प्रसादी वितरण किया गया। भजनों द्वारा भारत माता की स्तुति की गई एवं कार्यशाला में जो प्रशिक्षण दिया गया, उनके अपने अनुभव बताए गए। पार्षद एवं थाना प्रभारी देवकरण डहेरिया द्वारा अपने विचार व्यक्त कर शुभकामनाएं दी गई।

## जीवन जीने की कला सिखाती श्रीमद भगवद गीता : उईके



**शाहपुर।** शासकीय एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय शाहपुर में सोमवार को विकासखंड स्तरीय गीता जयंती महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक गंगा सज्जन सिंह उइके ने शिरकत की। कार्यक्रम को संबोधित करते विधायक श्रीमती उइके ने कहा कि श्रीमद् भगवद् गीता केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं है, बल्कि जीवन जीने की एक कला है। गीता में बताए गए सिद्धांत हर परिस्थिति में मार्गदर्शन देते हैं वह चाहे दुख हो या सुख, सफलता हो या असफलता, परिवार हो या कार्यक्षेत्र। उन्होंने कहा कि हमें गीता सिखाती है कि मनुष्य को परिस्थितियों से डरकर नहीं, बल्कि अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए। इसी प्रकार जीवन में दुख, क्रोध, लोभ, भय और तनाव आते हैं। गीता बताती है कि मन को संयमित कर लेने से व्यक्ति किसी भी संकट को पार कर सकता है। गीता में अर्जुन को भ्रम व दुख की स्थिति में श्रीकृष्ण ने ज्ञान दिया। यह बताती है कि जब जीवन में उलझन हो, तब विवेक और ज्ञान का सहारा लेना चाहिए। अंत में श्रीमद् भागवत गीता के 15वें अध्याय का सामूहिक वाचन भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ पूर्व शिक्षक मनोज शुक्ल हिंदुस्तानी ने किया। इस अवसर पर बीईओ गुलाबराव बर्डे, सीईओ नगर परिषद शाहपुर श्री श्रीवास्तव, विधायक प्रतिनिधि दीपिका जैन, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय शाहपुर प्राचार्य कृष्ण कुमार कटारे एवं समस्त शिक्षक स्टाफ व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### शिवाजी ओपन ऑडिटोरियम में हुआ कार्यक्रम

## अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती पर गूंजी श्रीमद भागवत

**हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल**

शिवाजी ओपन ऑडिटोरियम में अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती का भव्य एवं आध्यात्मिक आयोजन बड़ी श्रद्धा, सौहार्द और दिव्य भावनाओं के साथ संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष पार्वती बाई बारस्कर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे, सुधाकर पवार, जिला शिक्षा अधिकारी अनिल सिंह कुशवाह, मुख्य नगरपालिका अधिकारी सतीश मतसेनिया, जिला परियोजना समन्वयक (जिला शिक्षा केन्द्र) भूपेंद्र वरकड़े, जनपद सीईओ शिवानी राय सहित अन्य अधिकारी एवं बड़ी संख्या में स्कूली विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर मंगलाचरण एवं श्रीमद्भगवद्गीता के पावन पाठ से हुआ। समारोह को संबोधित करते हुए सुधाकर पवार ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती का यह पावन दिवस हम सभी के लिए



अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से इस आयोजन के लिए विशेष प्रेरणा मिली है, जिसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री को हार्दिक धन्यवाद और साधुवाद दिया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि आज आवश्यकता है कि हम आधुनिक समय में हमारे पवित्र ग्रंथ और धार्मिक परंपराएँ संरक्षित करें और भावी पीढ़ी को इनके महत्व के प्रति जागरूक करें।

उन्होंने विशेष रूप से बच्चों को गीता का ज्ञान कराने पर बल देते हुए कहा कि गीता को हमारी शिक्षा व्यवस्था और बच्चों की पढ़ाई से जोडन्ना समय की महती आवश्यकता है। गीता जयंती के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह दिवस उस पवित्र क्षण को समर्पित है जब भगवान श्रीकृष्ण ने महाभारत के कुरुक्षेत्र युद्ध में अर्जुन को अमृततुल्य गीता का ज्ञान दिया था। इस दिन को मोक्षदा एकादशी के रूप में भी जाना जाता है, जब मानव जाति को धर्म, कर्तव्य और सत्य के स्वरूप का दिव्य उपदेश मिला। उन्होंने बताया कि भगवद्गीता में 18 अध्याय और 700 श्लोक हैं, जो जीवन के हर क्षेत्र में मार्गदर्शन देने वाले अमूल्य सरोवर हैं। गीता हमें कर्तव्यपालन, आत्मबल, समर्पण, सत्य और धर्म जैसे महत्वपूर्ण जीवन-मूल्यों की शिक्षा देती है।

इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों, संतजनों, विद्वानों और नागरिकों ने गीता के 15 वें अध्याय का सस्वर पाठ किया। गीता के पवित्र श्लोकों का उच्चारण ने वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत गीता श्लोकों ने सबका मन मोह लिया और यह संदेश दिया कि नई पीढ़ी भी धर्म, संस्कार और अध्यात्म की ओर अग्रसर है। साथ ही पूरे आयोजन स्थल में भक्तिभाव, शांति और सकारात्मक ऊर्जा की अनूठी अनुभूति देखी गई। गीता के उपदेश—धर्म, कर्तव्य, सत्य और आत्मबल—का महत्व सभी के मन में गहराई से उतरा। कार्यक्रम के समापन पर गीता जयंती की महाआरती संपन्न हुई।

## भगवद गीता हमें कर्म करते रहने का संदेश देती : बारस्कर

### एकीकृत माध्यमिक शाला नवापुर में मनाई गीता जयंती



**भैंसदेही।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद एवं पयोशनी वेलफेयर सोसाइटी द्वारा एकीकृत माध्यमिक शाला नवापुर में गीता जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत श्रीमद भागवत गीता का पूजन कर किया गया। वहीं अध्याय 15 के 52वें श्लोक का वाचन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम और कक्षा 1 से कक्षा 8वीं तक के सभी विद्यार्थियों को टीवी पर बच्चों को गीता उपदेश दिखलाये गये। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानापाठिका चन्द्ररेखा बारस्कर ने कहा कि भगवद् गीता हमें कर्म करते रहने और फल की चिंता न करने का संदेश देती है। उन्होंने संगठित होकर कार्य करने और समाज में एकता बनाए रखने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यह सत्य, धर्म और कर्तव्य का मार्ग दिखाती है, भय, दुख और मोह से मुक्ति दिलाती है तथा जीवन में कर्म, भक्ति, ज्ञान और समता का संदेश देती है। प्रधानापाठिका चन्द्ररेखा बारस्कर ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में प्रदेशभर में गीता जयंती का आयोजन किया जा रहा है, ताकि गीता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाया जा सके। कार्यक्रम में गीता के संदेशों जैसे कर्म करते रहो, फल की चिंता मत करो, स्वयं को पहचानो, धर्म के रास्ते पर चलो और भक्ति, ज्ञान और कर्म से मोक्ष की ओर बढ़ो पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर पयोशनी वेलफेयर सोसायटी भैसदेही से राहुल चढ़ोकार, गुलाबराव सेलकरी, कमलेश कावडक़र, अंकित राठौर, मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के ब्लॉक समन्वय विकास कुमरे, भाकूलाल चिल्हाटे, नामदेव कुबड़े आदि मौजूद रहे।

चूक का शिकार

## आउटसोर्स कर्मी की करंट लगने से मौत

**इटारसी।** मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के गुर्रा सब स्टेशन के अंतर्गत आने वाले ग्राम बीलखेड़ी में सोमवार शाम लगभग 4:30 बजे, डीपी पर सुधार कार्य कर रहे एक आउटसोर्स लाइनमैन की अचानक करंट लगने से मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना ने एक बार फिर विद्युत विभाग के सुरक्षा मानकों और कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### अचानक आया करंट गई जान

**इटारसी।** मृतक लाइनमैन की पहचान केसला निवासी रामप्रसाद भल्लवी (28 वर्ष) के रूप में हुई है। बताया गया है कि रामप्रसाद जैसे ही बीलखेड़ी गाँव स्थित डीपी पर सुधार कार्य करने के लिए चढ़ा, उसी दौरान अचानक डीपी में करंट प्रवाहित हो गया, जिससे उन्हें जोरदार झटका लगा और उनकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। कर्मचारियों के बीच यह सवाल उठ रहा है कि जब एक लाइनमैन डीपी पर काम कर रहा था, तब सुरक्षा शटडाउन प्रोटोकॉल का पालन क्यों नहीं किया गया और बिजली अचानक बहाल कैसे हो गई। यह घटना स्पष्ट रूप से ड्यूटी के दौरान व्यवस्था की गंभीर लापरवाही की ओर इशारा करती है। घटना की सूचना मिलते ही गुर्रा पुलिस मौके पर पहुची और वैधानिक कार्रवाई शुरू की। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के डीजीएम संदीप पांडे ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि मृतक के परिवार को कंपनी की ओर से हर संभव सहायता दी जाएगी।

नर्मदापुरम-इटारसी में अतिक्रमण पर नपा की बड़ी कार्रवाई जारी

# एफआईआर के बाद अतिक्रमण हटाने की राह खुली, हॉकर कॉर्नर का निर्माण शुरू

आधिकारिक जानकारी के अनुसार, एफआईआर का कार्य होने के कारण अब तक गठित दल कोई कार्रवाई नहीं कर पाया था।

◆ अब एफआईआर का कार्य पूरा होने के उपरांत नगर पालिका परिषद नर्मदापुरम और नगर पालिका इटारसी द्वारा शेष अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई शीघ्र ही शुरू की जा सकेगी। हॉकर कॉर्नर के निर्माण की पहल भी तेज हो गई है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा के एक ध्यानाकर्षण के जवाब में नगरीय विकास एवं आवास विभाग की ओर से दी गई जानकारी में बताया गया है कि संभागीय मुख्यालय नर्मदापुरम और इटारसी शहरों को अतिक्रमण मुक्त कर यातायात एवं जलप्रवाह को सुगम बनाने की दिशा में नगरीय विकास एवं आवास विभाग के निर्देशानुसार, नगर पालिका परिषद (नपा) नर्मदापुरम और इटारसी द्वारा संयुक्त रूप से बड़े पैमाने पर कार्रवाई जारी है। विभागीय निर्देशों के पालन में, कई प्रमुख अतिक्रमण हटाए जा चुके हैं, और बचे हुए अतिक्रमणों को हटाने के लिए अब एफआईआर करने का कार्य भी पूरा हो गया है।

### एआईआर के बाद हटेगा शेष अतिक्रमण



अपर मुख्य सचिव नगरीय विकास एवं आवास, मप्र भोपाल, और आयुक्त राजस्व नर्मदापुरम संभाग के निर्देशों के अनुपालन में, नगर पालिका परिषद इटारसी ने 14 जुलाई 2025 को तहसीलदार इटारसी को अतिक्रमण चिह्नित करने के लिए सीमांकन कराने हेतु पत्र लिखा था। तहसीलदार इटारसी द्वारा अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध प्रकरण सहित कई मामले दर्ज किए गए हैं, जो वर्तमान में विचाराधीन हैं। नगर पालिका परिषद नर्मदापुरम ने 28 जुलाई 2025 को तहसीलदार से प्राथमिकता के आधार पर नालों का सीमांकन कराने का अनुरोध किया था, जिसके बाद 28 नवंबर 2025 को एक दल भी गठित किया गया था।

### ठेले और फेरी वालों को मिलेगी सुविधा

इटारसी में कलेक्टर द्वारा नजूल शीट 16 के प्लॉट न. 3/1/1/ रकबा 4200.6 वर्गफुट भूमि हॉकर कॉर्नर निर्माण के लिए आवंटित की गई है। इस आवंटित भूमि से तात्कालीन सुचारु न्याय न्यास द्वारा किए अतिक्रमण को तहसीलदार इटारसी ने 21 जुलाई 2025 को चिह्नित किया था। एसडीएम (राजस्व) इटारसी द्वारा 26 नवंबर को 03 अतिक्रमणकारियों को हटाने के निर्देश जारी किए हैं। इस निर्माण से हाथ ठेले और फेरी वालों को स्थायी व्यवस्था मिलेगी,व आवाजाही की समस्या दूर होगी। विधायक डॉ शर्मा ने कहा कि क्षेत्र में बढ़ती जनसंख्या और बढ़ते ट्रैफिक लोड के चलते अतिक्रमण का हटना आवश्यक है। इसी से विकास के नए रस्ते खुलेंगे। अतिक्रमण हटने से ही यातायात की समस्या हल हो सकती है। बढ़ते नगरों के साथ सड़को का विस्तार और उनका चौड़ीकरण अतिआवश्यक हो गया है।

### अतिक्रमण हटने से आवागमन होगा सुगम

अभियान के तहत अब तक हुई बड़ी कार्रवाई कलेक्टर जिला नर्मदापुरम और नपा परिषदों की संयुक्त टीम ने वर्ष 2024 में कई महत्वपूर्ण स्थानों पर स्थायी और अस्थायी अतिक्रमण हटाए हैं, जिससे शहर के प्रमुख मार्गों में यातायात सुगम हुआ है और नालों में जलप्रवाह सुगम हुआ है। मीनाक्षी चौराहा, भोपाल तिराहा, सततरस्ता, इन्द्राचौक, रसूलिया एवं नगरीय क्षेत्र के विभिन्न नालों से स्थायी अतिक्रमण हटाए गए हैं। 04 और 05 नवम्बर 2025 को पॉलिटेक्निक रोड में करीब 180 अस्थायी अतिक्रमण हटाए गए। इस दौरान रोड और नाले पर बनी लगभग 73 दुकानों को हटाया गया। नपा इटारसी ने 30 जनवरी 2025 को नाला मोहल्ला, फकीर मोहल्ला स्थित शासकीय मार्ग से अतिक्रमण हटाया, जिसमें हनुमान मंदिर सहित 05 स्थायी और 18 अस्थायी अतिक्रमण शामिल थे।

# गाय-भैंस चोरी: ग्राम चारटेकरा ने पुलिस से की कड़ी कार्रवाई की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

अनुभाग की केसला तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत चारटेकरा ने ग्राम में लगातार हो रही भैंस और गाय की चोरी की घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए केसला पुलिस को कार्रवाई के लिए एक पत्र सौंपा है। पत्र में ग्राम पंचायत ने उल्लेख किया है कि पिछले एक वर्ष से अज्ञात व्यक्तियों द्वारा मवेशियों की चोरी की जा रही है, जिसकी सूचना पहले भी थाने में दी जा चुकी है।

ग्राम पंचायत चारटेकरा ने अपने पत्र में थाना प्रभारी केसला, जिला नर्मदापुरम को संबोधित करते हुए, इस संबंध में कड़ी कार्रवाई की मांग की है। ग्राम पंचायत द्वारा दिए गए विवरण के अनुसार, चोरी गए मवेशियों का अनुमानित मूल्य लाखों में है।

### पत्र में तीन प्रमुख घटनाओं का उल्लेख

चंद्रशेखर बारस्कर, निवासी छिंदापानी: इनकी 80,000 रुपए कीमत की 02 भैंस चोरी हुई। मोहन यादव: इनकी 90,000 रुपए कीमत की भैंस चोरी हुई। दयालाल यादव जिनकी नकी 03 लाख रुपए कीमत की 03 भैंस और सुखराम यादव की 05 भैंस, जिनकी कीमत लगभग 2 लाख 80 हजार रुपए है, चोरी हुई। ग्राम पंचायत के अनुसार, इन चोरी की घटनाओं में कुल 8,50,000 रुपए मूल्य के मवेशियों की चोरी हो चुकी हैं, और चोर अब तक नहीं पकड़े गए हैं। ग्राम पंचायत ने की अपील ग्राम पंचायत चारटेकड़ा ने थाना प्रभारी से निवेदन किया है कि भैंस एवं गाय चोरी के गिरोह को जल्द से जल्द पकड़कर कड़ी कार्रवाई की जाए ताकि ग्रामीण पशुपालकों को राहत मिल सके और उनका नुकसान रोका जा सके।

### थाना प्रभारी ने युवाओं से की चर्चा

**सिवनीमालवा।** नगर थाने में आज विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारियों ने नवागत थाना प्रभारी श्री बारस्कर जी से सौजन्य भेट कर नगर से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की। परिषद के प्रतिनिधिमंडल द्वारा नगर में संचालित स्कूल, कॉलेज और कोचिंग सेंटरों से जुड़े अनुशासन, सुरक्षा और अन्य संवेदनशील मुद्दों को रखते हुए उचित कार्यवाही की मांग की गई।

# उत्कृष्ट कार्यशाला और प्रयोगशाला: पॉलिटेक्निक इटारसी का सफल शैक्षणिक निरीक्षण किया

**बैतूल प्राचार्य डॉ. भदोरिया ने मैकेनिकल विभाग की कार्यशैली को बताया 'उत्कृष्ट'**

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय इटारसी में आज शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय बैतूल के प्राचार्य डॉ. अरुण सिंह भदोरिया और उनकी सहयोगी टीम द्वारा शैक्षणिक निरीक्षण एवं विजिट का आयोजन किया गया। टीम ने संस्था की शैक्षणिक सुविधाओं और आधारभूत संरचना का गहन अवलोकन किया।

**मैकेनिकल विभाग की सुविधाओं की सराहना**

निरीक्षण टीम ने संस्था के मुख्य भवन के साथ-साथ मैकेनिकल लैबोरेट्री और कार्यशाला का विशेष निरीक्षण किया। टीम ने यहाँ के प्लांट लेआउट को सुव्यवस्थित, विशाल, सुरक्षित बताया। विशेष रूप से, प्रयोगशाला और कार्यशाला में पर्याप्त वेंटिलेशन एवं प्रकाश की उपलब्धता की सराहना की गई। डॉ. भदोरिया ने यह भी सुनिश्चित किया कि संस्था में स्थापित समस्त मशीनें एवं उपकरण प्रयोग के लिए ऑपरेटिंग स्थिति में हैं।

निरीक्षण के बाद, टीम ने मैकेनिकल विभाग एवं कार्यशाला के सदस्यों के कार्य की मुक्त कंठ से प्रशंसा की और उनकी कार्यशैली को 'उत्कृष्ट' बताया। जिन कर्मचारियों की सराहना हुई उनमें प्रिंसिपल आरके चोलकर, विभागाध्यक्ष एवं कार्यशाल अधीक्षक, विकास सिद्धू, व्याख्याता अंकित मिश्रा, प्रवेश चौरे, आशीष चौरे, योगेश बरखने, सहयोगी स्टाफ संतोष, सुशील बोरासी, गजानन चौरे की सराहना हुई।

**ऐतिहासिक स्थलों की यात्रा**

मेंटेनेंस कार्यों पर दिए आवश्यक सुझावसकारात्मक अवलोकन के बावजूद, डॉ. भदोरिया ने संस्थान के मुख्य भवन में सिविल मेंटेनेंस एवं विद्युत मेंटेनेंस से संबंधित कुछ आवश्यक कार्यों को जल्द पूरा करने के लिए सुझाव भी दिए, ताकि छात्रों को और भी बेहतर शैक्षणिक माहौल मिल सके।

# जीनियस कला स्फेयर में मस्ती और जायके का संगम

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



शहर के जीनियस प्लानेट सीनियर सेकंडरी स्कूल में रविवार को जीनियस कला स्फेयर के आयोजन ने स्कूल परिसर को मस्ती, कला और लजीज व्यंजनों के उत्सव में बदल दिया। इस रंगारंग कार्यक्रम में विद्यार्थियों, अभिभावकों और स्टाफ ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ राहुल चौरे भाजपा मंडल अध्यक्ष इटारसी ने किया। विद्यालय के निर्देशक जाफर सिद्दीकी और प्राचार्य मनीता सिद्दीकी ने आमंत्रित अतिथियों तथा निर्णायक मंडल के सदस्यो-ममता छिकारा, उमा शुक्ला, अर्चना शुक्ला, डॉ. एकता मालोनिया, डॉ. लीना बत्रा, श्रद्धा अग्रवाल और कुमुद बाजपेई का स्वागत स्टाफ द्वारा निर्मित पुष्प गुच्छ से किया।

**स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टॉल ने जीता दिल** इस आयोजन का मुख्य आकर्षण खानपान के स्टॉल थे, जिन्हें अभिभावकों और कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों द्वारा लगाया था। इन स्टॉलों पर आलू बड़े, डोसा, चने दाल की टिक्की, खस्ता चाट, दाबेली, भेल, गोल गप्पे जैसे चटपटे व्यंजनों से लेकर मूंग का हलवा, खोये की मिठाई, गुलाब जामुन और कस्टर्ड तक, स्वादिष्ट व्यंजनों की लंबी श्रृंखला थी। उपस्थित अतिथियों और अभिभावकों ने इन लजीज व्यंजनों का भरपूर लुत्फ उठाया।

**खेल स्टॉलों पर छूटा बचपन का जादू** स्टाफ द्वारा लगाए गए खेल स्टॉलों में रिंग गेम, मटकी फोड़, निशाने का सिकंदर, ग्लास ब्लास्ट, बॉल इन डस्टबिन, बेलेंसिंग कॉइन और कई माइंड गेम जैसे रोचक, चुनौती पूर्ण और आलौकिक खेलों ने अभिभावकों को उनके बचपन की सुनहरी यादों में खो जाने का मौका दिया। कार्यक्रम में 2024-25 की परीक्षा में नर्सरी से बारहवीं तक वाले विद्यार्थियों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन खुशी सिद्दीकी ने किया।

# 12 साल बाद न्याय: न्यायालय के आदेश पर जमीन का कब्जा दिलाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



डोलरिया तहसील के बम्होरी खुर्द गांव में 3 एकड़ 93 डिसमिल भूमि को लेकर चल रहा 12 साल पुराना विवाद आखिरकार समाप्त हो गया है। न्यायालय के आदेश पर, प्रशासन ने 28 नवंबर 2025 को फरियादी रवि तिवारी को उनकी ज़मीन का वास्तविक कब्ज़ा सौंप दिया।

रवि तिवारी ने विधिवत पक्का एग्रीमेंट करके आरोपी संतोष सिंह से यह जमीन खरीदी थी। एग्रीमेंट होने के बावजूद, आरोपी संतोष सिंह कब्जा देने से लगातार इनकार कर रहा था और विवाद उत्पन्न कर रहा था। लगातार सुनवाई और रवि तिवारी की अर्जियों के बाद, न्यायालय ने पिछले माह उप पंजीयक से जमीन की रजिस्ट्री कराते हुए प्रशासन को कब्ज़ा दिलाने के निर्देश दिए थे।

**न्यायिक और प्रशासनिक कार्रवाई**

विवादित भूमि राजस्व अभिलेखों में संतोष सिंह और शिव सिंह के नाम पर दर्ज थी। न्यायालय के आदेश का पालन करते हुए, पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद, यह भूमि आधिकारिक रूप से रवि तिवारी को सौंप दी गई। मामले की सुनवाई प्रथम सिविल न्यायालय के न्यायाधीश सूर्यपाल सिंह राठौर ने की।

# न्यास कॉलोनी के शिवा पार्क में भगवान शिव की प्राण-प्रतिष्ठा, कलश यात्रा व ढोल-बाजों से गूंजा क्षेत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



न्यास कॉलोनी में स्थित शिवा पार्क का निर्माण कार्य पूरा होने पर सोमवार को पार्क में भगवान शिव की विधिवत स्थापना की गई। शिव परिवार की प्राण-प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में कॉलोनी की महिलाओं द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसका डोल-बाजों की गूंज और उत्साहपूर्ण माहौल के साथ स्वागत किया गया।

**कलश यात्रा बनी आकर्षण का केंद्रन**

यास कॉलोनी से शुरू हुई यह कलेश यात्रा पूरे क्षेत्र का मुख्य आकर्षण बनी रही। बड़ी संख्या में कॉलोनी की महिलाओं ने सिर पर मंगल कलश धारण कर यात्रा में हिस्सा लिया। डोल-बाजों की मधुर और पारंपरिक गूंज के बीच निकली इस यात्रा ने क्षेत्र में भक्तिमय और उत्सव का माहौल बना दिया।

**जनता को समर्पित हुआ शिवा पार्क** इस अवसर पर स्थानीय पार्षद अमृता ठाकुर ने बताया कि न्यास कॉलोनी में सभी ग्राउंडों पर पार्क निर्माण का कार्य युद्धस्तर पर जारी है। उन्होंने जानकारी दी, शिवा पार्क का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है और आज विधिवत पूजा-अर्चना के साथ इसे कॉलोनीवासियों और संपूर्ण जनता के लिए समर्पित कर दिया गया है। शिवा पार्क के निर्माण और भगवान शिव की स्थापना के बाद यह स्थान कॉलोनीवासियों के लिए धार्मिक आस्था के केंद्र के साथ-साथ एक सुंदर और व्यवस्थित मनोरंजन स्थल के रूप में भी उपलब्ध हो गया है। इस आयोजन में बड़ी संख्या में कॉलोनी के निवासियों ने भाग लिया और भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त किया।

# विश्व एड्स दिवस पर आयोजित किया गया जागरूकता अभियान




**पिपरिया।** शहीद भगत सिंह महाविद्यालय में विश्व एड्स दिवस मनाया गया। जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया गया।डा राजीव महेश्वरी ने कहा की रोकथाम और सुरक्षित व्यवहारकी आवश्यकता है। डॉ एस के मेहरा ने एड्स से बचाव के प्रति जागरूक किया। विद्यार्थियों को स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने की सलाह दी। प्रोफेसर एसके बघेल ने अपनी संख्या तोडबोधन में युवाओं के बीच जागरूकता फलानेपर जोर दिया। संचालक किटी मौर्य ने किया। लघुकथा संग्रह कर लघु फिल्म भी दिखाई गई। इस दौरान सभी शिक्षक शिक्षिका छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

# बिरसा मुंडा योजना से राजेंद्र परते ने इटारसी में शुरू की अपनी किराना क्रांति

**2 लाख की सहायता से साकार हुआ सपना, प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को दिया धन्यवाद**

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



इंतजार नहीं, अब करेंगे राज! इटारसी निवासी राजेंद्र परते के लिए 30 नवंबर का दिन एक नई शुरुआत लेकर आया। भगवान बिरसा मुंडा जयंती के अवसर पर, बिरसा मुंडा स्वरोजगार योजना के तहत उन्हें अपने किराना व्यवसाय को शुरू करने के लिए 2 लाख की ऋण राशि का चेक सौंपा गया।

यह आर्थिक सहायता परते को न केवल अपनी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने का अवसर देगी, बल्कि स्थानीय स्तर पर किराना सामान की बेहतर उपलब्धता और सेवा से समृद्धि की भावना को भी बढ़ावा मिलेगा।

**केवल सहायता नहीं, आदिवासी युवाओं को बनाना उद्यमी**

बिरसा मुंडा स्वरोजगार योजना का मूल मंत्र स्पष्ट है- आदिवासी समुदाय के युवाओं और हितग्राहियों को केवल रोजगार नहीं, बल्कि सशक्त उद्यमी बनाना। यह योजना ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में रोजगार के नए द्वार खोलकर, परिवारों की आय में वृद्धि सुनिश्चित कर रही है।

चेक प्राप्त करने के बाद, उत्साहित परते ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रति गहरा आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह योजना उनके जैसे मेहनती लोगों के लिए एक वरदान है, जो अपने पैरों पर खड़ा होना चाहते हैं। सरकार की यह पहल राज्य में आर्थिक आत्मनिर्भरता और आदिवासी समाज के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो दूसरों को भी उद्यमिता की राह पर चलने के लिए प्रेरित करेगी।

**रोको न डगर मोरी श्याम, कथक नृत्य की प्रस्तुत**

# पीएम श्री स्कूल जमानी में कथक कार्यशाला का मनमोहक समापन, आदिवासी बच्चे खूब थिरके

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



भारतीय शास्त्रीय संगीत और संस्कृति को जन-जन तक पहुचाने वाले संगठन स्पीक मैके, इटारसी चैप्टर द्वारा आयोजित छह दिवसीय कथक नृत्य कार्यशाला का समापन पीएमश्री हायर सेकेंडरी स्कूल जमानी में भावपूर्ण प्रस्तुतियों के साथ हुआ। यह कार्यशाला 24 नवंबर से चल रही थी।

इस अवसर पर, समाजसेवी और जैविक खेती के प्रेरक हेमंत दुबे, जमानी ने मां सरस्वती की तस्वीर पर माल्यार्पण कर समापन कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया।

**नृत्यांगना अभिसिक्ता मुखोपाध्याय की प्रस्तुति:** प्रसिद्ध कथक नृत्यांगना अभिसिक्ता मुखोपाध्याय ने अपनी प्रस्तुति की शुरुआत एक हृदयस्पर्शी कृष्ण वंदना से की। बाल-कृष्ण के नटखट चरित्र और यशोदा मैया संग उनके मधुर, स्नेहमय संबंध को दर्शाने वाली इस ठुमरी में मां के वात्सल्य का चित्रण इतना गरिमामय और सजीव था कि दृश्य जीवंत हो उठा। मुखोपाध्याय ने इसके बाद कथक के तकनीकी पक्ष को दर्शाया। उन्होंने उपज, ठाठ, आमद, परन-आमद, तुकड़ा, गिनती तिहाई, परन और चक्करदार की एक सशक्त श्रृंखला प्रस्तुत की। 14 मात्राओं की जटिल ताल दहमार पर उनकी लय-समझ, नियंत्रित गति और साफ-सुथरी पेशकश ने उनके गहन अभ्यास और शास्त्रीय साधना की झलक दिखाई। समापन प्रस्तुति के रूप में उन्होंने भावपूर्ण अभिनय संख्या रोको न डगर मोरी श्याम प्रस्तुत की, जिसमें कान्हा की चुलबुली शरारतें-गोपियों की चुनरी खींचना, नथ छेडऩा, बाल खींचना और मटकियां तोडऩा-मनोरंजक और जीवंत अभिनय से सजीव हो उठीं। कार्यक्रम का यह नटखट और प्रभावी समापन दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर गया, विशेष रूप से आदिवासी बच्चे झूमकर नांचे ।

कार्यशाला का समापन पीएम शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल जमानी के अलावा गुरुनानक पब्लिक स्कूल और शासकीय माध्यमिक कन्या विद्यालय पुरानी इटारसी में हुआ।

# नर्मदांचल में गीता जयंती पर हुए विभिन्न आयोजन, मना महोत्सव




हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

नगर पालिका परिषद परिसर में अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें लगभग 7 ब्राह्मणके माध्यम से गीता का पाठ्यक्रम कराया गया। नगर पालिका अध्यक्ष नीना नवनीतनागपाल महिलामोर्चा जिला महामंत्री ममता नागवंशी सभी पार्षदों एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी आर पी नायक सभी लोग शामिल हुए। सभी वक्ताओं का स्वागतसमान किया गया। उसके बाद भगवान क्रषण कीपूजन के वाद प्रस्तुत किया गया राजेन्द्र पांडे,मनोज पाण्डेय सहित अन्य सभी ब्राह्मण सदाचारी शामिल हुए।तो दूसरी तरफ नवचेतना उच्चतर माध्यमिक विद्यालय केप्राचार्य शिक्षक शिक्षिका छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में हिंदी साहित्यकार संगठन ने भी गीता महोत्सव का आयोजन किया गया। अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव इस वर्ष 1 दिसंबर को मनाया गया भागवत कालजयी है। इतना व्यापक भी आधुनिक विज्ञान से जीवनकी हर समस्याके समाधान है।

### कॉलेज में गीतोपदेश पर हुई व्याख्यान माला




**सोहागपुर।** पंडित जवाहरलाल नेहरू स्मृति महाविद्यालय सोहागपुर में सोमवार को गीता जयंती एवं विश्व एड्स दिवस का आयोजन किया गया। आयोजन में कॉलेज शासी निकायाध्यक्ष कैलाश पालीवाल, सचिव हमीर सिंह चंदेल, उप प्राचार्य डॉ. आरएस रघुवंशी, डॉ. विजय कुशवाहा, डॉ. राजेश विश्वकर्मा, यशवंत यादव, उमेश रघुवंशी, अभिनव पालीवाल, आरती ठाकुर व राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई कार्यक्रम अधिकारी आसिया खान तथा जीएस ठाकुर एवं स्वयंसेवक उपस्थित रहे। इस दौरान अध्यक्ष कैलाश पालीवाल ने गीता के उद्देश्यों पर व्याख्यान दिया। पालीवाल ने गीतोपदेश को अपने जीवन में साकार करने की प्रेरणा स्वयंसेवक व छात्र-छात्राओं को दी। उप प्राचार्य डॉ. आरएस रघुवंशी द्वारा रेड रिबन क्लब के अंतर्गत एड्स जागरूकता की शपथ दिलाई गई।

खबर संक्षेप

## सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ आज

**हरदा।** सांसद खेल महोत्सव का आगाज 2 दिसम्बर को कबड्डी खेल के प्रदर्शन के साथ किया जाएगा। ब्लॉक समन्वयक सलमा खान ने बताया कि 2 दिसम्बर को नेहरू स्टेडियम हरदा में शाम 4 बजे से कबड्डी खेल के प्रदर्शन के साथ सांसद खेल महोत्सव का शुभारम्भ किया जाएगा। सांसद खेल महोत्सव के आयोजन के लिये कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व हरदा, टिमरनी व खिरकिया को नोडल अधिकारी तथा जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी उमा पटेल को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

## अंतरराष्ट्रीय विश्व दिव्यांग दिवस कल

**हरदा।** अंतर्राष्ट्रीय विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर 3 दिसम्बर को विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। उप संचालक सामाजिक न्याय विभाग कमलेश सिंह ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर शासकीय डॉ. बी.आर. अम्बेडकर उत्कृष्ट विद्यालय हरदा के बालक छात्रावास प्रांगण में सामाजिक न्याय विभाग, जिला शिक्षा अधिकारी एवं परियोजना समन्वय जिला शिक्षा केन्द्र के संयुक्त तत्वाधान में 3 दिसम्बर को प्रातः 11 बजे से दिव्यांगजनों से संबंधित प्रतियोगिताएं एवं कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

## कार्य दिवस की शुरुआत वंदे मातरम से हुई

**हरदा।** प्रत्येक माह के पहले कार्य दिवस की शुरूआत शासकीय कार्यालयों में राष्ट्रगीत वंदेमातरम गायन के साथ होती है। इसी क्रम में सोमवार सुबह कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित कार्यालयों के अधिकारी कर्मचारियों ने राष्ट्रगीत व राष्ट्रगान का गायन किया। इस अवसर पर कलेक्टर सिद्धार्थ जैन, संयुक्त कलेक्टर सतीश राय एवं रजनी वर्मा सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी भी मौजूद थे।

## जहरीली दवा के सेवन से युवक की मौत

**हरदा।** जिले के टिमरनी थाना क्षेत्र के नयागांव में 18 वर्षीय युवक सुमित कीर ने जहरीली दवा का सेवन कर लिया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम नयागांव निवासी सुमित पिता महेश कीर ने बीती रात जहरीले पदार्थ का सेवन किया था। तबीयत बिगड़ने पर उसने परिजनों से बचाने की गुहार लगाई। परिजन उसे तत्काल अपने निजी साधन से जिला अस्पताल हरदा लेकर आए। अस्पताल में उपचार के दौरान रात करीब 11:30 से 12 बजे के बीच उसकी मौत हो गई।मृतक की मां शर्मीला बाई ने बताया कि उनके दो बेटे हैं, जिनमें सुमित छोटा था। पति की पहले ही मृत्यु हो चुकी है, जिसके बाद वह मजदूरी करके बच्चों का पालन-पोषण कर रही थीं। सोमवार सुबह जिला अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस मामले की विस्तृत जांच कर रही है।

## सीहोर में रोजगार मेला 9 दिसंबर को

**सीहोर।** युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 09 दिसंबर 2025 को प्रातः 11 बजे सीहोर स्थित प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में रोजगार-स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला आयोजित किया जाएगा। इस रोजगार मेले में रोजगार विभाग द्वारा स्थानीय, प्रदेश एवं अन्य राज्यों की कंपनियों को आमंत्रित कर युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे। इसी प्रकार जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा स्वरोजगार विभागों के स्वरोजगार प्राप्त हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा तथा नये प्रकरण तैयार किये जायेगे।

## एसआईआर की समय सीमा 11 तक बढ़ाई

**सीहोर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम में संशोधन करते हुए सभी चरणों की समय-सीमा बढ़ा दी गई है। आयोग द्वारा जारी नवीन एसआईआर कार्यक्रम के अनुसार घर-घर गणना पत्रक एवं सत्यापन का कार्य अब 11 दिसंबर तक पूरा किया जाएगा।

### अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के तहत सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न, प्रदर्शनी भी आयोजित हुई

# श्रीमद भागवत गीता के 15वें अध्याय का सस्वर पाठ किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा



गीता जयंती के अवसर पर सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम डॉ. बी.आर. अम्बेडकर उत्कृष्ट विद्यालय हरदा बालक छात्रावास प्रांगण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने माँ सरस्वती व भगवान श्री कृष्ण के विराट स्वरूप के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर उत्कृष्ट विद्यालय की छात्राओं द्वारा प्रेरणा गीत प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष भारती राजू कमेडिया, पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल, जिला अध्यक्ष राजेश वर्मा, कलेक्टर सिद्धार्थ जैन, सीईओ जिला पंचायत अंजलि जोसेफ, जिला पंचायत उपाध्यक्ष दर्शन सिंह गहलोत तथा नगर पालिका उपाध्यक्ष अंशुल गोयल के अलावा संयुक्त कलेक्टर सतीश राय एवं रजनी वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारीगण मौजूद थे। कार्यक्रम में ओमप्रकाश पुरोहित द्वारा शंखनाद व स्वस्ति वाचन किया गया। इस दौरान ओमप्रकाश आचार्य द्वारा अपने साथियों के साथ श्रीमद भागवत गीता के अध्याय क्रमांक 15 का सस्वर पाठ किया गया तथा स्वाध्याय पत्रक का वाचन भी किया गया। कार्यक्रम में देवेन्द्र शर्मा द्वारा गीता महाम्य की संक्षिप्त व्याख्या की गई। ब्रजमोहन पारे द्वारा कार्यक्रम में विश्व गीता प्रतिष्ठान के उद्देश्य व लक्ष्य के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रंगारंग प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम के अंत में सामूहिक रूप से गीता आरती की गई। कार्यक्रम प्रस्तुति देने वाले प्रतिभागियों को तुलसी का पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया। गीता महोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में ह्यमाधव दर्शनम्ह्लह्ल, ह्यह्यश्रीमद्भागवत पुराणह्लह्ल एवं ह्यह्यमध्यप्रदेश में श्रीकृष्णह्लह्ल पर आधारित फोटो प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित अतिथियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।

### जमीनी विवाद के चलते किसान की हत्या का मामला

# हत्या के आरोपियों को फांसी देने व घर पर बुलडोजर चलाने की मांग कर किया हंगामा





**घटना का मुख्य प्रत्यक्षदर्शी मृतक का 10 साल का बेटा है**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

जिले के छीपाबड़ थाना क्षेत्र में जमीनी विवाद के चलते एक व्यक्ति की हत्या के मामले ने सनसनी फैला दी। घटना में मृतक की पत्नी भी गंभीर रूप से घायल है। मामला खिरकिया क्षेत्र के लोनों गाँव का है। घटना का मुख्य प्रत्यक्षदर्शी मृतक का 10 साल का बेटा है। जिसने घटना के बारे में बताया। पुलिस ने घटना के बाद तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। उधर रविवार रात को मृतक और उसकी घायल पत्नी को जिला अस्पताल लाया गया। जहां पत्नी को भर्ती कर उपचार किया गया। सोमवार सुबह जिला अस्पताल में परिजनों ने हंगामा किया और आरोपियों को फांसी की सजा देने की मांग करते हुए उनके घर पर बुलडोजर चाढ़ाने की मांग की। इस दौरान पुलिस ने समझाइस देकर परिजनों का हंगामा शांत कराया। घटना के दौरान शिवम पिता को छोड़ने के लिए आरोपियों के सामने गिड़गिड़ाता रहा, लेकिन आरोपियों को दया नहीं आई।उधर मृतक के बड़े भाई श्याम सिंह चौहान ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि घटना के बाद डायल-112 को सूचना दी गई थी। पुलिस गांव पहुंची भी थी, लेकिन गांव के कुछ लोगों ने ऐसी कोई घटना न होने की जानकारी दी, जिसके बाद पुलिस वापस लौट गई। श्याम सिंह ने आरोप लगाया कि आरोपी करण सिंह वर्षों से गांजा बेचने का काम कर रहा है। इसकी शिकायत पहले भी की गई थी, लेकिन छीपाबड़ थाना पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। परिजनों का कहना है कि इसी लापरवाही की वजह से आज उनके भाई की हत्या कर दी गई।

### अस्पताल में हुआ हंगामा

सोमवार सुबह जिला अस्पताल में मृतक किसान शिवनारायण चौहान के परिजनों ने हंगामा किया। वे आरोपियों के घर पर बुलडोजर चलाने की मांग पर अड़े रहे। बेटा शिवम अधिकारियों से न्याय मांगता रहा। मौजूद लोगों और परिजन ने कहा कि जब तक आरोपियों के घर पर बुलडोजर नही चलता वो शव को नही ले जाएंगे। इसके बाद एसडीओपी शालिनी परस्ते और एसडीएम अशोक डेहरिया ने परिजनों को समझाइश दी। बाद में शव को ले जाने पर राजी हुए। उन्होंने एसपी और कलेक्टर के नाम एसडीएम अशोक डेहरिया एवं एसडीओपी शालिनी परस्ते को ज्ञापन सौंपा। परिजनों ने पीड़ित परिवार को आर्थिक मदद दिलाने और सभी आरोपियों को फांसी की सजा देने की मांग की है। छीपाबड़ थाना पुलिस ने तीनों आरोपियों करण सिंह, राहुल और मनीषा को गिरफ्तार कर लिया है। घटना रविवार शाम 4 से 5 बजे के बीच की है। 50 वर्षीय शिवनारायण अपनी पत्नी राधा के साथ खेत पर पूजा कर लौट रहे थे। रास्ते में पड़ोसी करण सिंह, उसका बेटा राहुल और बहू मनीषा पहले से घात लगाकर बैठे थे। उन्होंने दंपती पर हमला कर दिया। यह विवाद 2020 के एक पुराने मामले और जमीन को लेकर चल रहा था।

**इनका कहना है**

*घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी घायल है। मामले के तीनों आरोपी पुलिस गिरफ्त में है।*

**शालिनी परसते,** एसडीओपी हरदा

### सांदीपनि में महोत्सव संपन्न

# गीता के श्लोक व उपदेश का अमृत वाचन किया गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिरकिया

सांदीपनि विद्यालय खिरकिया में भव्य गीता महोत्सव का आयोजन भागवत आचार्य प्रवीण शास्त्री द्वारा भागवत गीता का पूजन अर्चन कर गीता महोत्सव का शुभारंभ किया गया गीता महोत्सव में शाला परिवार द्वारा भागवत आचार्य प्रवीण शास्त्री का साल श्रीफल भेट कर सम्मानित किया गया। भागवत आचार्य प्रवीण शास्त्री द्वारा श्रीमद् भगवद्गीता के 15वें अध्याय का दिव्य पाठ कराया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन, सरस्वती वंदना एवं शंखनाद के साथ हुआ। अतिथियों का तिलक लगाकर तथा गीता अध्याय की पुस्तिका भेंटकर आत्मीय स्वागत किया गया। भागवत आचार्य प्रवीण शास्त्री द्वारा भागवत गीता का पूजन अर्चन सभी से कराया गया उपस्थित समस्त छात्र-छात्राओं को श्री भगवानुवाच श्रीमद् भागवत गीता के श्लोक योगेश्वर श्रीकृष्ण का उपदेशअमृत वाचन कर भगवत गीता श्लोक का भावार्थ समझाया गया उन्होंने कहा कि हम भगवान श्री कृष्ण के जीवन आदर्शों एवं वचनों को अपने दैनिक कार्य व्यवहार में लाएं क्योंकि जहां श्री कृष्णा है वहीं श्री है वही समृद्धि है वहीं विजय है वहीं विभूति है और वही अचल नीति है। अतिथियों ने गीता के संदेश पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कर्मनिष्ठा, साहस, आत्मविश्वास और जीवन-प्रबंधन ही गीता का मूल सार है। जनपद अध्यक्ष रानू दशरथ पटेल, उपाध्यक्ष विजयंत गौर, मंडल अध्यक्ष चारुवा विजय सिंह राजपूत तथा अनिल जैन ने गीता को जीवन का मार्गदर्शक बताते हुए विद्यार्थियों को अध्ययन, चरित्र निर्माण और आदर्श जीवन की प्रेरणा दी।

### गीता के उद्देश्य व महत्व पर व्याख्यान दिया

कार्यक्रम में केपी परसाई ने गीता के उद्देश्य एवं महत्व पर व्याख्यान दिया। गीत प्रस्तुति छात्र नैतिक टैगोर द्वारा दी गई। मंच संचालन अंकित अवस्थी ने किया। कार्यक्रम के अंत में गीता की सामूहिक आरती की गई तथा प्रसाद वितरण किया गया। समापन अवसर पर शिक्षक अनिल पारधे द्वारा बनाए गए कृष्ण अर्जुन के चित्र का अनावरण कर उनका सम्मान किया गया। आभार जनपद पंचायत सीईओ प्रवीण इवने के द्वारा उपस्थित सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व खिरकिया एसडीएम शिवांगी बघेल के निर्देशानुसार गीता महोत्सव कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष रानू दशरथ पटेल, नगर पंचायत अध्यक्ष इंद्रजीत महेंद्र सिंह खनूजा, उपाध्यक्ष विजयंत गौर, मंडल अध्यक्ष चारुवा विजय सिंह राजपूत, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष मोहनलाल सोलंकी, अनिल जैन, पार्षद नितिन गुप्ता, वंदना मलखान इरलावत, किशोर राठौर, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व खिरकिया एसडीएम शिवांगी बघेल जनपद पंचायत सीईओ प्रवीण इवने, नगर परिषद सीएमओ महेंद्र कुमार शर्मा, विकासखंड शिक्षा अधिकारी प्रदीप रिछारिया, विकासखंड एकेडमिक समन्वयक जय नारायण कलम शिक्षक सुनील सोंधिया उमेश कुमार नामदेव मोरगड़ी सचिव राम नारायण राजपूत दुर्गेश मिश्रा, राजकुमार कड़वाल, सीटोके पंडित जी, परशुराम युवा वाहिनी के पदाधिकारी, प्राचार्य मिश्रीलाल मालवीय, शरीफ खान, प्रभारी प्राचार्य मंजूषा आंजने सहित दोनों विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाएँ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### विश्व एड्स दिवस मनाया

# राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम में विद्यार्थियों का किया परीक्षण




हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

विश्व एड्स दिवस के अवसर पर शासकीय स्वामी विवेकानन्द महाविद्यालय हरदा में जागरूकता गतिविधि का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला एड्स नियंत्रण समिति की काउंसलर संगीता सोलंकी ने एचआईवी एड्स के बारे ने विस्तार से बताया।

कार्यक्रम में आए सभी अतिथियों और स्टूडेंट्स का स्वागत रेड रिबिन लगाकर किया गया। कार्यक्रम में चिकित्सकीय परामर्श डॉ. भावना करोड़े एवं डॉ परमानंद छलोत्रे द्वारा दिया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. संगीता बिले, प्रशासनिक अधिकारी वी.के. बिछोतिया सहित महाविद्यालय स्टॉफ मौजूद रहा। कार्यशाला में बताया गया कि एच.आई.वी. एक वायरस है जो शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को कमजोर करता है, जिससे एड्स होता है। यह हाथ मिलाने, गले लगने, एक ही बर्तन में खाने, खांसने या छींकने से नहीं फैलता है। इसके फैलने के मुख्य कारण असुरक्षित यौन संबंध, संक्रमित खून चढ़ाना, संक्रमित सुई का उपयोग और गर्भावस्था के दौरान मां से बच्चे में है। कार्यशाला में बताया गया कि इसकी रोकथाम हमेशा इलाज से बेहतर है। जिम्मेदारी से व्यवहार करें और सुरक्षित रहने के उपायों को जानें और उनका पालन करें। एच.आई.वी./एड्स से पीड़ित व्यक्ति किसी भी अन्य व्यक्ति की तरह होते हैं। उन्हें सहायता, सम्मान और सहानुभूति की आवश्यकता होती है, न कि अलगाव की। भेदभाव करना एक सामाजिक बुराई है जो लोगों को उपचार और जांच से दूर रखती है। अपने दोस्तों और परिवार के बीच सही जानकारी फैलाएं। यदि आपको कोई संदेह या प्रश्न हो तो झिझकें नहीं, विश्वसनीय स्त्रोतों या स्वास्थ्य शिक्षकों से पूछें। समय पर जांच और इलाज से पीड़ित व्यक्ति भी लंबा और स्वस्थ जीवन जी सकते हैं।

कार्यक्रम में स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आशा गायकवाड़ एवं जिला समन्वयक आशीष साकल्ले ने बताया कि रेड रिबिन क्लब और उमंग उच्च शिक्षा कार्यक्रम अंतर्गत नियमित रूप से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर केंद्रित गतिविधि आयोजित की जा रही है। कार्यशाला में छात्र छात्राओं द्वारा सवाल पूछे गये तथा टीम हेल्थ के सदस्यों द्वारा जानकारी दी गई। इस दौरान डॉ. परमानंद छलोत्रे, डॉ. राकेश परस्ते, मनीष परसाई, डॉ. रविन्द्र सोनपुरे, डॉ. चंद्रकिशोर लोखंडे, डॉ. आर. के. सूर्यवंशी, डॉ. योगेश गौर, डॉ. बलवान पवार उपस्थित रहे। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के दल द्वारा कॉलेज के विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया।

## युवक की सड़क हादसे में मौत, परिजनों की कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झिरन्या

प्रधानमंत्री सड़क योजना की विवादास्पस्द कार्यशैली, गुणवत्ता-विहीन कार्यों और लेटलतीफी के चलते दर्दनाक हादसे हो रहें हैं। फलस्वरूप रविवार को युवक उमेश पिता लच्छु चौहान 22 वर्ष (आभापुरी) सड़क-



हादसे का शिकार हो गया। फलस्वरूप ग्रामीणों में रोष व्याप्त है और परिजनों ने जिम्मेदारों के विरुद्ध की कार्रवाई की मांग की है।

गौरतलब है कि जर्जर हो रही सड़कों की समयावधि में मरम्मत और नवीनीकरण कार्य नहीं हो रहा है। फलस्वरूप आये दिन दुर्घटनाएं हो रही है और रविवार को युवक उमेश पिता लच्छु चौहान 22 वर्ष (आभापुरी) को अपने प्राण गंवाने पड़ें हैं। इस घटनाक्रम के अनुसार उक्त युवक मोटर-सायकल से चैनपुर होकर रतनपुर जा रहा था। इस दौरान जामदां के पास जानलेवा गड्ढों में वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जिससे काफी उंचाई तक युवक उछला और वह सिर के बल सड़क से टकराकर लहुलुहान हो गया। उसे खंडवा ले जाने पर चिकित्सक ने उसे मृत घोषित का दिया। परिजनों में बलिराम चौहान और संतोष नायक ने बताया कि उमेश का विवाह 8 मई 2025 को हुआ था।

### सड़क हादसे में युवक घायल

**हरदा।** जिले के ग्राम सोनखेड़ी के पास सोमवार शाम को एक सड़क हादसा हुआ। एक वाहन ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, घायल युवक की पहचान संजय पिता कमल सिंह (25) के रूप में हुई है। वह खंडवा जिले के खालवा थाना क्षेत्र के ग्राम चबूतरा का निवासी है। संजय नयागांव के एक किसान के यहां पानी का ठेका लेने वाले मजदूर के रूप में काम करता है और नयागांव से बाइक पर आ रहा था। हादसे के दौरान संजय ने हेलमेट पहना हुआ था, जिससे उसके सिर में चोट नहीं आई। हालांकि, उसके हाथ और पैर दोनों फ्रैक्चर हो गए हैं। फिलहाल, युवक बयान देने की स्थिति में नहीं है।

### हादसे में घायल युवक की मौत, परिजनों का इलाज में लापरवाही का आरोप

# थाने में परिजनों का हंगामा, पुलिस ने कहा जांच बाद होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा





छीपानेर रोड पर हुए सड़क हादसे में घायल 18 वर्षीय युवक की निजी अस्पताल में मौत हो गई। इसके बाद परिजनों ने रविवार रात सिटी कोतवाली में जमकर हंगामा किया। मृतक के पिता ने निजी अस्पताल संचालक पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि पेट रोग विशेषज्ञ ने हड्डी रोग विशेषज्ञ की ड्रेस पहनकर उनके बेटे का इलाज किया, जिससे उसकी जान गई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। उधर अस्पताल संचालक डॉ विशाल बघेल ने कहा कि सही उपचार किया गया, उपचार में कोई लापरवाही नहीं की गई। ड्रेस को लेकर उनका कहना है कि ऐसा की बार होता कि किसी की ड्रेस कोई भी पहन लेता है। जानकारी के अनुसार प्रदीप बामने (18) रविवार दोपहर बाइक से बरखा हॉस्पिटल जा रहा था। तभी उसकी बाइक का संतुलन बिगड़ा और वह फिसल गई। इसी दौरान पीछे से आ रहे ट्रक की चपेट में आने से प्रदीप के सिर और चेहरे पर गंभीर चोटें आईं।

उसे पहले जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसे भोपाल रेफर कर दिया था। बाद में परिजन उसे बघेल अस्पताल ले गए। अस्पताल में करीब चार से पांच घंटे तक युवक का उपचार चला, लेकिन उसकी जान नहीं बचाई जा सकी।मृतक के पिता ओमप्रकाश बामने ने आरोप लगाया कि उनके बेटे का इलाज हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. अंशुमन राठी की ड्रेस पहनकर पेट रोग विशेषज्ञ सुनील गुर्जर ने किया। उन्होंने निजी अस्पताल प्रबंधन की इस लापरवाही को ही बेटे की मौत का कारण बताया है। परिजनों ने पुलिस को आवेदन देकर अस्पताल संचालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में एसडीओपी शालिनी परस्ते ने बताया कि मृतक के परिजनों से शिकायत मिली है। शिकायत के आधार पर जांच की जाएगी और उसके बाद वैधानिक कार्रवाई होगी।

### पुलिस थाने में बैठे रहे परिजन

रविवार रात को पुलिस थाने पहुंचे परिजनों ने पुलिस से कहा कि प्रदीप के घायल होने के बाद अस्पताल में इलाज में लापरवाही बरती गई। किसी अन्य चिकित्सक की ड्रेस में कोई अन्य डाक्टर इलाज कर रहा था। परिजनों ने मांग की है कि अस्पताल के सीसीटीवी चेक करके आरोपी डाक्टर के खिलाफ मामला दर्ज किया जाए।

**इनका कहना है**

किसी भी अस्पताल में उपचर में लापरवाही का मामले आने पर सीधे प्रकरण दर्ज नहीं किया जाता। इसलिए मामले में सीएमएचओ को भी आवेदन दिया गया। उनके द्वारा बनाई टीम की रिपोर्ट आने के बाद मामला दर्ज किया जाएगा।

**शालिनी परसते,** एसडीओपी हरदा